अपनी बात

यह एक निर्विवाद सत्य है कि मानव जीवन मे चिकित्सा विज्ञान एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मानव के स्वास्थ्य व शक्ति की सुरक्षा उसके उतम आचरण, खान–पान पर ही प्रकृति के नियमानुसार निर्भर करती है। अगर प्रकृति के नियम विरुद्ध कोई छोटी-सी भूलकर बैठते हैं तो यह भयकर कष्ट मे डाल देती है। वनस्पति पौधो के जीवन एव निर्वलीकृत खनिजो से निर्मित जडी-बूटी खनिज सम्बन्धी मिश्रण मानव को दैनदिन की व्याधियो से मुक्त करते है। तथा मानव के आतरिक शक्ति के निर्माण मे सहायता प्रदान करते है।

आपके हाथों में यह छोटी-सी पुस्तक देते हुए प्रसन्नता हो रही है, इस पुस्तिका के माध्यम से हम हमारे द्वारा निर्मित पेटेन्ट आशुफलदायक एव प्रभावित औषधियो के बारे मे अल्प विचार प्रस्तुत करने जा रहे हैं।

विभिन्न जडी–बूटिया खनिजो की आणविक सिद्धात के अनुसार सूक्ष्मतम कणो के रुप मे पेटेन्ट दवाएं हमारे द्वारा निर्मित की गई है। सदैव विश्वास-पात्र और उत्कृष्ट परिणामकारी ऐसी विशुद्ध औषधिया और व्यवहारो मे सम्पूर्ण प्रामाणिकता है। क्योकि जडी-बून्टियो की बारीकी से जाच-पडताल की जाती है उत्पादन की अवस्था मे 'क्वालिटी कन्ट्रोल' का विशेष ध्यान रखा जाता है। हमारी अनुसन्धान शाला मे प्रत्येक क्षण नये-नये अन्वेषण के साथ आयुवेद के सिद्धातो का विशेष ध्यान रखा जाता है।

हम उन ऋषि-मुनियो के प्रति श्रद्धाजलि अर्पित करते है जिन्होने तनाव पूर्ण, रोग-ग्रस्त एव उदासीन युग मे हमे विभिन्न जडी-बून्टियो द्वारा मानव जाति की सेवा करने के लिए अपना उतराधिकारी बनाया। साथ ही उन चिकित्सको के भी ऋणी है जिन्होने समय-समय पर हमे मार्ग दर्शन दिया। हम आशा रखने हैं कि भविष्य मे भी अपने अमूल्य सुझाव अनुभव एव विचारो से अवगत करवाते रहेगे एव सहयोग प्रदान करेगे।

श्री त्रिमूर्ति फार्मेसी
बीकानेर

त्रिमूर्ति अग्निसंदीपन चुर्ण
AGNISANDIPAN CHURAN
दीपन, पाचन व क्षुधा प्रदीपक

घटक :

जीरा सफेद, जीरा स्याह, धनिया, दाल चीनी, सौंठ, हींग, काली-मिर्च, मकोय, नीम्बू सत्व, सैंधा नमक, शक्कर।

जीरा सफेद (Cuminum Cyminum) : यह अरुचि, वमन, अग्नि-माद्य, अजीर्ण, पेट का दर्द, सग्रहणी, रक्तविकार, कफवातशामक, दीपन व पाचक है।

जीरा स्याह (Cerum Carwi) · यह उदर कृमिनाशक, अरुचि, वमन, पेट दर्द, अजार्ण, अग्निमाद्य, सग्रहणीनाशक, दीपन व पाचक है।

धनिया (Coriandrum Sativum) · यह त्रिदोष हर है। कफ को बाहर निकालता है। मस्तिष्क के लिए बलकारक है। मूत्रल, दीपन, पाचक व भूख को बढाता है।

दालचीनी (Cinnamomum Zeylanicum) : यह पाचन सबधी तकलीफो को दूर कर, मुखशोष, उदरशूल कृमि को हटाती है यह रक्त मे श्वेत कणो की वृद्धि करती है।

सौंठ (Zingiber Offieinale) यह आमवातनाशक, वीर्य वर्धक, अफारा, कफ, उदरशूल, खासी को दूर करती है।

हींग (Ferula Assafoetida) यह कफ वातनाशक, उदरशूल, अफारा, जी मचलाना, कब्जिनाशक, कृमि, गुल्मनाशक एव पाचक है।

कालीमिर्च (Piper Nigrum) यह कफवातनाशक, दीपन, पाचन, मूत्रल, अग्निमाद्य, प्रमेह, श्वास-कास व उदरशूल को दूर करती है।

मकोय (Solanum Nigrum) यह आमाशय की सूजन को दूर करता है। मूत्रल सग्राही है।

नीबूसत्व (Citrc Acid) यह रक्त शोधक है। दीपन, पाचन पित्तशामक मे उपयोगी है।

पीपल (Pepper Long) · यह रक्तवर्धक है। पाचक, अग्निबर्धक और प्लीहा वृद्धि को रोकती है। उदरशूल एव पित्तशामक है।

सैंधा नमक (Sodium Chloride) · यह पाचक, पित्त एव कफ प्रतिकार में उपयोगी।

उपयोग :

मन्दाग्नि, पेट की सूजन, हृदय-वेदना, रक्तहीनता, भोजन का न पचना, अफारा, पेट दर्द, अग्निवर्धक है। लम्बी बीमारी के पश्चात धीरे-धीरे पुन: स्वस्थ होने एवं वायु की गति को नियमित करने मे वहुत उपयोगी है। इसके सेवन से भूख वढती है। जी मचलाना, उबाक एवं कब्ज आदि विकारो मे लाभप्रद है।

सेवन विधि :

3 से 6 ग्राम तक जल के साथ दिन मे 2–3 बार या चिकित्सक की की सलाहनुसार।

पैकिग · 50, 100, 200 एव 400 ग्राम मे।

त्रिमूर्ति **अमृत रसायन**

AMRIT RASAYAN

कैलशियम व विटामिन 'सी' से भरपूर

घटक :

आवला, इलायची बीज, पुष्प गुलाव, पीपल, वशलोचन, मुक्ताशुक्ति पिष्टी, प्रवाल पिष्टी।

गुण धर्म :

आवला (Emblica Officinalis) : इसमे गैलिक एसिड व इलेगिग एसिड पाया जाता है। पेक्टिज व विटामिन 'सी प्रचुर मात्रा मे होता है। यह वाजीकरण रसायन है दीपन, पाचन, पितशामक, पौष्टिक, कब्जनाशक, स्वप्नदोप, शुक्रप्रमेह, आयुबलवर्द्धक, रक्त की कमी, ववासीर, नेत्र रोग, रक्तप्रदर, खुजली, खांसी आदि मे उपयोगी है।

इलायची वीज (Cardamomi Fructus) : यह वात-कफ, रक्तपित्त, वमन, श्वास-कास, खुजली, मूत्र-कृच्छ, तृष्णानाशक, दुर्गन्धनाशक है।

पुष्प गुलाब (Rosa Alba) : यह हृदय रोग, मस्तिष्क दौर्बल्य, रक्त विकारो को दूर करता है। धातुवर्द्धक एव बाजीकरण है। दीपन, पाचक, रोचक एव मधुर है।

पीपल (Pepper Long) : यह रक्तवर्धक है। पाचक, अग्निवर्द्धक और प्लीहा वृद्धि को रोकती है। श्वास-कास मे उपयोगी है।

वशलोचन (Bambusa Arundımacea) : यह वात-पितशामक, कफ को निकालने वाला, मूत्रल, श्वास-कास मे उपयोगी होता है।

मुक्ता शुक्ति पिष्टी (Mukta sukti pıstı) : क्षय, श्वास-कास, जीर्ण ज्वर, हृदय रोग, पितज, दाह, अरुचि, वमन, श्वेत/रक्त प्रदर, अम्लपित आदि मे लाभप्रद है।

प्रवाल पिष्टी (Prawal Pıshti) : क्षय, पित्त-विकार, रक्त–पित, श्वास–कास, धातु रोग, रक्तार्श, यकृत-विकार, अम्ल-पित, रक्त प्रदर, वमन मे उपयोगी होती है।

उपयोग :

यह प्राकृतिक विटामिन 'सी' एव कैलशियम से भरपूर होता हैं। समुचित पाचन–क्रिया सुनिश्चित करता है। क्षय रोगी के लिए अत्युतम रसायन है। अरुचि, वमन, दाह, अम्लपित, चितभ्रम, घबराहट मे लाभप्रद है। यह खारिश व रक्तदोष मे भी उपयोगी है। यह रसायन गर्भपात को रोकता है रक्तार्श एव रक्तप्रदर मे भी उपयोगी है। इसका सेवन सभी आयु वर्ग के लिए उपयोगी है।

सेवन विधि :

5 से 10 ग्राम तक दिन मे दो बार गर्भावस्था मे दूध के साथ अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार।

पैकिग : 200 व 400 ग्राम पैक मे।

●●

त्रिमूर्ति बालामृत
BALAMRIT
बच्चों के लिए सुमधुर टॉनिक

घटक :

गुलाब पत्रक, अजवायन, निलोफर, बंशलोचन, अमलतास, शख-पुष्पी, मंजीठ, सौफ, टकरण भस्म, शक्कर।

गुण–धर्म :

गुलाब पत्रक (Rosa Alba) यह शरीर की सूजन कम करके उत्त-पांगी को बल प्रदान करता है एव पित्त की तीक्ष्णता शान्त करता है। दाह-प्रशामन ज्वरघ्न एव कब्जनाशक है।

अजवायन (Trachyspermum Ammı) यह दीपन, पाचक वातानुलोमन, शूल प्रशमन, जीवाणु नाशक, उदर कृमिनाशक है।

निलोफर (Nelumbıum Specıosum) यह कफ–पित्त शामक, दाह प्रशमन, छर्दि एव तृष्णा निग्रहण, विरेचनीय, त्वगदोपहर ज्वरघ्न बल्य है।

बंशलोचन (Bambusa Arundınacea) . यह वात–पितशामक, तृष्णा निग्रह, ग्राही, कफनिस्सारक, श्वासहर, मूत्रल, ज्वरघ्न बल्य एव शीतल होता है।

अमलतास (Cassıae Frutus) . यह मृदुरेचन एव कुष्ठघ्न है।

शख पुष्पी (Convolvulus Plurıcaulls) यह त्रिदोपहर, मस्तिष्क शामक एव नाडी बल्य, दीपन, पाचन, रक्तस्तम्भक, कफ को निकालने वाला मूत्र–विरेचक एव दाह प्रशमन मे उपयोगी होती है।

सौफ (Pımpınella Anısum) · यह मधुर, वात-पित्तशामक मूत्र-विरेचक, उदरशूल, ज्वर, दाह, क्षय, कफ रोग, नेत्र रोग, रक्त रोग, वमन, अतिसार मे उपयोगी होता है।

मजीठ (Rubıa Cardıfolıa) यह पाचक एव रक्त-शोधक है।

टकरण भस्म (Tankan Bhasma) यह रक्तशोधक, खासी, राज्यक्षमा, निमोनिया, वमन, मूत्रकृच्छ, प्रमेह आदि मे उपयोगी होती है।

उपयोग :

बालामृत बच्चो के अतिसार, उदरशूल में लाभप्रद है। यह पेट के फुलने को कम करता है। दातो को आसानी से निकालते हुए उस समय होने वाली समस्त तकलीफो को शात करता है। बच्चो की कमजोरी, वृद्धि न होना, सूखा, भूख कम लगना, खून का न बनना, सुस्तीपन को दूर कर बच्चो को बलवान बनाता है।

सेवन विधि :

नवजात शिशु को 5–5 बून्द सुबह-शाम 6 माह से एक वर्ष के बच्चे को 2 से 3 एम. एल. दिन मे 2 बार जल या फलों के रस से अथवा चिकित्सक की सलाहानुसार।

पैकिग : 100 एम. एल. बोतल पैक मे।

●●

त्रिमूर्ति चर्मिना मल्हम
CHARMINA OINTMENT
[केवल वाहरी प्रयोग के लिए]

घटक :

पुष्पाजन, नीम की पत्ती, नीलगिरी तेल, सिन्दूर, वैसलीन।

गुण धर्म :

पुष्पाजन (Zinc Oxide) यह घाव नाशक, आतरिक रक्तस्राव, दर्दनाशक एव आरोग्यकर है।

नीम की पत्ती (Neen Leaf) : यह कृमि को निकालने वाला है। यह कुष्ठग्रस्त त्वचा पर विशेष कार्य करता है। यह घावनाशक एव ग्रथियों सूजन मे उपयोगी है। इसमे घाव भरने वाला तत्व है।

नीलगिरी तेल (Nilgir Oil) : यह दर्द निवारक, जलन शान्त करने वाला एव सूजन मे उपयोगी है।

सिन्दूर (Sindur) : घावनाशक, पीडा हरन मे प्रयोग किया जाता है।

उपयोग :

स्रावयुक्त पामा, विचर्चिका, क्षत, विस्फोटक, एलर्जिक घाव एव त्वचा रोगो मे लाभप्रद ।

प्रयोग विधि :

दर्द वाले भाग, घाव साफ करके दिन मे दो या तीन बार लगावे या इसकी पट्टी बाध ले अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार ।

पैकिग . 15 ग्राम (ट्यूब) ।

त्रिमूर्ति क्षुधावर्धक चुर्ण

CHUDAVARDHAK CHURAN

स्वादिष्ट एवं रूचिकर

घटक :

जीरा सफेद, कालीमिर्च, अजवायन, बसलोचन, हीग, नमक काला, नमक सांभर, नीम्बूसत्व, पीपल, सू ठ, तेजपात, अनारदाना, पीपलामूल, बडी इलायची बीज, दालचीनी, शक्कर,

गुण-धर्म :

सफेद जीरा (Cuminum Cyminum) यह अग्निमाद्य, अजीर्ण, पेट का दर्द, सग्रहणी, रक्तविकार, कफ-वातशामक, दीपन व पाचक है ।

काली मिर्च (Piper nigrum) यह कफ वातशामक, दीपन,पाचक मूत्रल, अग्निमाद्य, अजीर्ण, प्रमेह, श्वास-कास व उदरशूल को दूर करती है ।

अजवायन (Trachyspermum ammi) : यह दीपन, पाचक, वातानुलोमन, पेट के दर्द को ठीक करती है । उदर के कृमि व जीवाणु का नाश करती है ।

वशलोचन (Bambusa Arundinacea) यह वात–पित्तशामक, कफ को निकालने वाला, मूत्रल, श्वास-कास मे उपयोगी-होता है ।

हीग (Ferula assafoetida) यह कफ वातनाशक, उदरशूल, अफारा, जी मचलाना, कब्जिनाशक, कृमि, गुल्मनाशक एव पाचक है ।

काला नमक (Black Salt) यह भूख को बढाता है। जी मचलाना डकार आदि में लाभप्रद है।

साभर नमक 'Sodium Cloride) : यह शामक, पाचक, व भूख बढाने मे सहयोगी है।

नीबू सत्व [Citric acid] यह रक्त शोधक है दीपन, पाचन, पित्तशामक है।

पीपल [Pepper Long] : यह रक्त को बढाती है। प्लीहा वृद्धि को रोकती है। पाचक, अग्निवर्द्धक एव श्वास-कास मे उपयोगी है।

सूठ Zingiber [Officinale] : यह वात–नाशक, वीर्यवर्धक, कफ अफारा, पेट का दर्द एव खासी को दूर करती है।

तेजपत्र [Cinnamomum Tamale] : यह दीपन, पाचन, वातानुलोमन, जी मचलाना, मुख की दुर्गन्ध को दूर करने मे सहायक है।

अनारदाना [Punica Granatun] : यह वात कफनाशक, कफ को निकालने मे सहायक, दीपन व पाचन क्रिया को ठीक करता है।

पीपलामूल [Pipper Mool] यह श्वास कास को दूर करती है। पेट दर्द ठीक करती है। पित्तशामक है।

बडी इलायची बीज [Amomum Suleulatum] : यह रोचक, जी मचलाना, उल्टी, श्वास कास मे उपयोगी है।

दालचीनी [Cinnamoum Zeylanicmum] : यह पाचन सम्बन्धि तकलीफो को दूर कर मुख शोप, उदरशूल, कृमि को हटाती है साथ ही रक्त मे श्वेत–कणो की वृद्धि करती हैं।

उपयोग :

अजीर्ण, अफारा, हिचकी, वमन, अरुचि, मन्दाग्नि आदि को नष्ट कर भूख को बढाता है। श्वास–कास मे भी यह उपयोगी है। इस चूर्ण में दीपन, पाचक और वातघ्न गुण है।

सेवन विधि :

3 से 6 ग्राम तक जल के साथ दिन मे 2-3 बार या चिकित्सक की सलाहनुसार।

पैकिग 50, 100, एवं 200 ग्राम पैक मे।

त्रिमूर्ति ग्राइप वाटर
GRIPE WATER
बच्चों का मधुर पेय

घटक :

अजवायन, सौफ, गाजवान, निलोफर, मुलेठी, खाकसी, कर्पूर लाइम वाटर चीनी।

गुण धर्म

अजवायन (Trachyspermum ammi) . पेट का दर्द, दीपन, पाचन, पेट के कीडो को खत्म करने मे सहायक।

सौफ (Pimpinella Anisum) · यह मधुर, वात–पित्तशामक, मूत्र विरेचक, पेट का दर्द, क्षय, कफ–रोग, वमन, अतिसार मे उपयोगी है।

गाजबान (Caccinia glauca savi) . यह वात–पितशामक, कफ नि·सारक, रक्तशोधक, पेट पर अफारा, खासी, गले की खराश आदि मे उपयोगी है।

निलोफर (Nelumbo nucifora) · यह कफ–पितशामक, दाह–प्रशमन, प्यास को बुझाने मे सहयोगी, मूत्र को साफ लाता है। शरीर को बलवान बनाता है।

मुलेठी (Glycyrrbizae radix) यह वात पित्तशामक, मूत्रल, कफ को निकालने वाली, रोगनाशक, शुक्रवर्धक रसायन है।

खाकसी (Sisymibrium Lrio) . यह कफ निस्सारक, ज्वरघ्न, पुष्टिकर, दाहशामक एव मसूरिका व विसूचिका मे उपयोगी है।

कर्पूर (Kapoor) . यह दाहहर एव दर्दनाशक है कफ निकालने वाला, फेफडो का शोथ एव अतिसार मे उपयोगी है।

उपयोग :

यह छोटे बच्चो के लिए अमृततुल्य स्वादिष्ट एव पौष्टिक पेय है। इसके सेवन से बच्चो की कमजोरी, अपच, मरोड़, अजीर्ण, बदहजमी, पेट फुलना आदि तकलीफे दूर होती है। इसके सेवन से दात सुगमता से निकलते है।

सेवन विधि :

नवजात शिशु को 8 से 10 बूंद सुबह-शाम। 6 माह से 1 वर्ष के बच्चों के लिए आधा चम्मच एव 1 वर्ष के ऊपर के बच्चो के लिए 1 से 2 चम्मच दिन मे 2 या 3 बार पानी, दूध या फलो के रस के साथ देना चाहिए या चिकित्सक की सलाहनुसार लेना चाहिए।

पैकिग . 100 मि. लि. पैक मे।

●●

त्रिमूर्ति दन्तमंजन लाल
DANTMANJAN LAL
परिवार भर के लिए उपयोगी

घटक :

नौसादर, काली मिर्च, सेलखडी, पीपरमेन्ट एव स्वर्ण गेरू।

गुण-धर्म :

नौसादर (Ammonia Chloride) . यह मुख-शुद्धि, दातो को चमकीला बनाता है। यह श्वास सस्थान को उत्तेजित करके उसमे चिपके हुए श्लेष्मा को पतला करके निकाल देता है। मसूडो की सूजन दूर करता है

कालीमिर्च (Piper Nigrum) . मुख की दुर्गन्ध, दात मे कीड़ा, दात दर्द मे लाभप्रद है।

सेलखडी यह दातो को चमकीला, दातो पर जमी मेल को हटाने मे सहायक, मसूडो की मवाद को रोकता एव दांतो को मजबूत बनाने मे सहायक है।

पीपरमेट (Oil Piperment) . यह मुख शुद्धि एव शीतकर, दुर्गन्ध-नाशक है।

स्वर्ण गेरू (He Motitc) दातो के रक्त स्राव को रोकता है। मसूडो की सूजन कम करता है। दातो को चमकीला बनाता है।

उपयोग :

मसूड़ो मे खून आना, मवाद आना, पायरिया, मुह की दुर्गन्ध आदि को दूर कर दात मजबूत व नीरोग बने रहते है।

प्रयोग विधि :

सुवह-शाम एवं भोजनोपरांत ऊंगली से दांतों को इस मंजन की सहायता से माजना चाहिए या चिकित्सक की सलाहनुसार।

पैकिंग : 100 एव 200 ग्राम पैक मे।

त्रिमूर्ति डायबीटा फोर्ट

DAIBITA FORTE

[CAP SULE]

मधुमेह, इक्षुमेह एवं बहुमुत्र में उपयोगी

घटक :

गुडमार, नीम पत्र, बेल पत्र, जामुन गुठली, शिलाजित, चिरायता, हल्दी, काली जीरी, मेथी, करेला बीज, मकोय, बग भस्म।

भावना गुलर एव गिलोय स्वरस।

गुण-धर्म

गुडमार (Gymnema Sylves're) इससे यकृत की क्रिया में सुधार होकर मधुजन सचय की शक्ति बढती है। जिससे रक्तगत शर्करा की मात्रा कम हो जाती है। अग्नाशय, अधिवृक्क एव अवटु ग्रथियो के स्राव मे सहायता मिलती है। जिससे अप्रत्यक्षतया यकृत मे ग्लूकोज को ग्लाइकोजन के रूप मे सचित करने की शक्ति बढती है। इसमे रेजिन, क्लीव तत्व, ऐल्ब्यूमिन तत्व, कैलिसयम आक्जेलेट, गिम्नेमिक एसिड, क्वर्सिटाल, शर्करा पाचक किण्व पाए जाते है।

नीम पत्र (Azadırahta Indıca) यह यकृदुत्तेजक, कटु पौष्टिक, रक्तशोधक, दाहप्रशमन, इक्षु शर्करा एव द्राक्षशर्करा मे उपयोगी होता है

बेल पत्र [Aegle Marmelos Correa] . यह मूत्रगत शर्करा को कम करने वाला, इसमे मार्मेलोसिन नामक तत्व पाया जाता है जो शर्करा को कम करने मे सहायक है।

जामुन गुठली [Syzyglum Jambolans] : इसमे जम्बूलिन नामक ग्लूकोसाइड, गैलिक एसिड, क्लोरोफिल, ऐल्ब्यूमिन नामक तत्व पाए जाते है जो मधुमेह मे उपयोगी होते हैं।

शिलाजित [Silagit] : यह पांडु, शोथ, मधुमेह, सब प्रकार के प्रमेह, मूत्र मे आने वाली शर्करा को समाप्त करता है। शरीर को पुष्ट करने मे सहायक है।

चिरायता [Swertia Chirata] : इसमे चिरेटिन $C_{52} H_{96} O_{30}$ एवं ओफेलिक एसिड $C_{26} H_{40} O_{20}$ सत्व पाए जाते है। चिरेटिन अक्रि-स्टली एव अत्यन्त तिक्त ग्लूकोसाइड होता है इसके अतिरिक्त $C_6 H_8 O_4$ एव ओलिक, पामिटिक एव स्टियरिक एसिडस तथा फाइटास्टेरोल नामक तत्व शर्करा कम करने मे उपयोगी है।

हल्दी [Curcuma Domestica] : इसमे कर्कुमेन $C_{21} H_{20} O_4$ पाया जाता है साथ ही स्टार्च एव एल्ब्यूमिन तत्व पाए जाते है। जो रक्त प्रसादन, रक्तवर्धक,श्लेष्मनि सारक एव रक्त स्तम्भक होते है। यह प्रमेहघ्न मूत्र विरजनीय होती है।

कालीजीरी (Centratherum Anthelminticum] · इसमे टैनिन, रेजिन एव फ्लोब्राफीन तत्वो का सगठन होने के कारण मधुमेह मे उप-योगी है।

मेथी (Trigonella Foenum Graecum) : इसमे कोलीन एव ट्रिगोनेलीन नामक दो क्षारोद पाये जाते है जो मधुमेह मे लाभप्रद है।

करेला बीज (Momordica Charantia) . यह इन्सुलीन की आवश्यकता को समाप्त करता है। पेशाब की शर्करा को शनै. शनै. बन्द होती है। रक्त शुद्धि मे भी यह सहायक है।

मकोय (Solanum Nigrum) . इसमे Solanine नामक ऐल्के-लाइड पाया जाता है। जो मधुमेह व इक्षुमेह मे लाभप्रद है।

बग भस्म (Bang Bhasma) · शुक्रप्रमेह, बहुमूत्र मे यह बहुत उपयोगी है। इससे शुक्रस्थान दोनो पुष्ट होते है। इनके पुष्ट होने से रस-रक्तादि धातु पुष्ट होकर शरीर बलवान होता है अधिक पेशाब को कम करने मे उपयोगी है।

उपयोग :

आयुर्वेद मे उल्लेखनीय जडी–बूटियों से निर्मित इस औषधि को एक सुरक्षित और प्रभावकारी असर के लिए प्रयोग मे लिया जा सकता है। यह कैप्सूल रोगियो के रक्त एव पेशाब मे शर्करा के अनुपात में गिरावट लाकर उनमे कार्बोहाइड्रेट पचाने की शक्ति लाती है। इसमें यकृत को ठीक करने की क्षमता है।

'डायबीटा' के प्रयोग से मधुमेह और बहुमुत्र मे लाभ मिलता है, मुत्र धारण की शक्ति बढती है।

सावधानी मधुमेह से पीड़ित रोगी को सीमित मात्रा मे प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और चिकनाई लेनी चाहिए।

सेवन विधि :

1 से 2 कैपसूल दिन मे चार बार पानी के साथ अथवा चिकित्सक की निर्देशानुसार।

पैकिंग 20 कैपसूल

त्रिमूर्ति गैसपा वटी

GAISPA VATI

उदर वायु शमनार्थ

घटक :

चित्रक छाल, कलौजी, सौंठ, यवक्षार, पीपल, पोदीना, पचलवण, कालीमिर्च, सज्जीक्षार, हीग, पीपलामूल, कुलन्जन, अजवायन, चव्य, जीरा सफेद आदि।

गुण धर्म :

चित्रक (Plumbago Indica) यह दीपन–पाचन है। पेट के दर्द को शात करती है।

कलौजी (Kalongi) : यह भूख को बढाती है। पेट दर्द को शात करती है पाचक है।

सोठ (Zingiber Officinale) . यह आमवातनाशक, वीर्य वर्धक, अफारा, पेट का दर्द, कब्ज नाशक, कृमि एव गुल्मनाशक है। यह गरिष्ठ भोजन को पचाने मे सहयोगी है।

यवक्षार (Yavkchar) यह जल्दि पच जाने के कारण दीपन व पाचन होता है। यह गुल्म प्लीहा को नष्ट करता है। उदरशूल, अफारा, अम्लपित में पित को शात करता है। मूत्रल है।

पीपल [Pipper Long] यह पेट के दर्द को खत्म करती है। यह पाचक भूख बढाने मे सहायक है।

पोदीना (Menthe Sativa) यह कफ–वात को खत्म करता है। पेट के दर्द को शात करता है दीपन, रोचक है। उदर वायु को निकालता है

पचलवण : ये पाचक, शामक, भूख को बढाने वाले उदर–शूल को खत्म करने वाले, पित एव कफ को बाहर निकालने मे सहायक होते है।

काली मिर्च (Piper nigrum) यह कफ वातशामक, दीपन,पाचक मूत्रल, अग्निमाद्य, अजीर्ण, प्रमेह, श्वास-कास व उदरशूल को दूर करती है।

सज्जी यह भूख को बढाती है। समस्त प्रकार के उदर रोगो मे उपयोगी है। पाचन, वायु का नाश करती है। गुल्म एव आध्मान रोग नष्ट करती है।

हीग (Ferulla Assafoetida) : यह कफ वातनाशक, उदरशूल, अफारा, जी मचलाना, कब्ज़नाशक, एव पाचक है।

कुलन्जन (Alpinia Officinarum) : यह कफ वातनाशक, दीपन पाचक है, श्वासहर है। भूख को बढाती है।

चव्य (Piper Chaba) . यह कफ वातशामक है। दीपन, पाचन व पेट के दर्द को शात करती है। प्यास कम करती है। उदर वायु को नष्ट करती है।

अजवायन (Trachyspermum ammi) यह दीपन, पाचक, वातानुलोमन, पेट के दर्द को ठीक करती है। उदर के कृमि व जीवाणु का नाश करती है।

सफेद जीरा (Cuminum Cyminum) यह अग्निमाद्य, अजीर्ण, पेट का दर्द, सग्रहणी, रक्तविकार, कफ-वातशामक, दीपन व पाचक है।

उपयोग :

जो लोग भारी (गरिष्ठ) भोजन अधिक करते है पहले का भोजन पचने से पूर्व ही दुबारा भोजन कर लेते है। उन्हे पेट के अनेक रोग घेर लेते है। उदावर्त रोग की सम्प्राप्ति हो जाती है। 'गैसापा वटी' आमाशय और अन्त्र मे सचित वायु को दूर करती है अपच्चन, उदरशूल, घबराहट, आमाशय और अन्त्र की शिथिलता, अफारा, मलावरोध क्षुधानाश आदि विकारो मे लाभप्रद है।

प्रयोग विधि

2–2 गोली दिन मे 4 बार जल के साथ या चिकित्सक की सलाह–नुसार।

पैकिग · 100 गोली बॉटल पैक मे।

त्रिमूर्ति कुन्तल पाउडर
KUNTAL PGWDER
बालों को लम्बा चमकीला बनाने के लिए

घटक :

शिकाकाई, छिलका अरीठा, मुलतानी मिट्टी।

गुण-धर्म :

शिकाकाई (Acacio Concinna) इसमे सेपोनीन 11 2, मेलिक ऐसिड 12 75%, रेजिन 1%, ग्लूकोज 13.9% गोद 21 5 प्रतिशत होने के कारण यह बालो को चमकीला, लम्बा व मुलायम करता है। यह सिर की जुऐ एव लीके मारने मे सहायक है। बालो के झडने से रोकती है।

अरीठा छिलका (Sapindus Trifol atus) यह सिर की जुऐ व लीके मार उन्हे अत्यन्त मुलायम और रेशम के समान सुहावने बनाता है। बालो को काला कर मेल भी साफ करता है।

मुलतानी मिट्टी (Multani) यह बालो को चिकना, चमकीला एव रेशम के समान बनाती है। सिर के खोरे को नष्ट करती है।

उपयोग :

यह पाउडर साबुन के स्थान पर बालो को धोने के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इसके निरन्तर उपयोग से बालो का झडना बन्द हो जाता है। यह बालो को मुलायम व श्याम बनाकर बालो को लम्बा करता है। बालो व सिर की खुश्की दूर कर मस्तिष्क व नेत्रो के लिए भी लाभप्रद है, मुंह व आखो के नीचे की झाईयों पर इसका लेप करने से झाईया दूर होती है।

प्रयोग विधि :

बालो को साधारण या गुनगुने पानी से अच्छी प्रकार भिगोकर दो चम्मच 'कुन्तल पाउडर' के घोल से सिर को भली प्रकार से साबुन मसलने की भाति मलकर धोना चाहिए।

पैकिग 100 व 200 ग्राम पेक्स मे।

चेतावनी केवल बाहरी प्रयोग के लिए है।

त्रिमूर्ति कर्ण बिन्दु
KARAN BINDU
कान के रोगों के लिए उपयोगी

घटक :

धतूर स्वरस, सुदर्शन स्वरस, कपूर तेल आदि।

गुण–धर्म :

धतूर (Datura Innoxia) : यह कान के दर्द को शात करता है। कान मे आइ सूजन को दूर करता है। कर्णस्राव, व्रण कृमि आदि को ठीक करता है।

सुदर्शन (Crinum Zcylnnicum) : यह कान दर्द, सूजन को दूर करता है। कान मे फुन्सी को दूर करता है।

कपूर (Camphor) : यह कान के घाव को भरने वाला, सूजन, पीडा एव दर्द को दूर करने वाला होता है। इससे कान मे ठण्डक पहु–चती है।

उपयोग :

कान दर्द, पीप आना, नाडी-व्रण आदि कान के रोगो मे लाभप्रद है। इसके अतिरिक्त पुराने से पुराने दुर्गन्धयुक्त, कर्णस्राव, व्रण आदि कान के समस्त रोगो मे उपयोगी है।

प्रयोग विधि :

दर्द के समय अथवा सुबह–शाम कान को अच्छी प्रकार से साफ करके 3–4 बून्द कर्ण विन्दू की डालनी चाहिए अथवा चिकित्सक के सलाहनुसार।

पैकिग 5 व 10 मि लि पेक मे।

विशेष · केवल बाहरी प्रयोग हेतु।

त्रिमूर्ति एम. सी. फोर्ट

M C. Forte (Capsule)

स्त्रियों के मासिक धर्म को जारी करने में उपयोगी

घटक :

घी क्वार, उलट कम्बल, सौठ, बीज मूली, बीज गाजर, लवग, मोयाबीज, पपीता बीज।

गुण–धर्म :

घी क्वार (Aloes Indica) इसका सक्रिय घटक 'एलोइन' होता है जो ग्लुकोसाइडस का मिश्रण होता है। इस एलोइन मे वार्वेलोइन, आइसो वारबेलोइन एव एलो-इमोडिन पाया जाता है। घी क्वार तीक्ष्ण होता है। यह मूत्रल, आर्तजनन एव गर्भस्त्रावकर होता है। रुके हुए मासिक धर्म को शुरु करने मे उपयोगी है।

उलट कम्बल (Abroma Augusta) : यह तीक्ष्ण, उष्ण एव रुक्ष होती है। गर्भाशययोत्तेजक, आर्तवजनन, वेदनास्थापन एव गर्भाशयबल्य

इसका मुख्य कार्य है । चूंकि इसकी मुख्य क्रिया गर्भाशय पर होती है इससे आर्तव साफ एव नियमित हो जाता है । रजोरोध एव कष्टार्तव आदि विकृतिया इससे दूर होती है ।

सौंठ (Zingiber Officinals) · यह रूक्ष, तीक्ष्ण, मधुर एव उष्ण होती है । यह दीपन, शूलप्रशमन, उत्तेजक का कार्य करती है ।

बीज सोया (Anethum Fructus) इसमे एपिओल $C_{12}H_{14}O_4$, एनीथीन $C_{10}H_{16}$ पाया जाता है । यह रूक्ष, तीक्ष्ण, वेदनास्थापन, दीपन, पाचन, आर्तवजनन, स्तन्यजनन, स्वेदजनन होता है ।

बीज मूली (Raphanus Sativus) · यह रूक्ष, उष्ण, त्रिदोषहर, वातानुलोमन, यकृदुत्तेजक, यकृत प्लीहा शोथहर, मूत्रल, आर्तवजनन आदि मे उपयोग होते है ।

बीज गाजर (Daucus Carota) : यह आर्तवजनन, गर्भाशय सकोचक, गर्भपात कर, शोथहर होते है । रूके हुए मासिक धर्म को शुरु करने सहायक है ।

लवग (Caryphyllum) . यह गर्म एव शुष्क होती है । यह लालस्रावजनक, वातानुलोमन, शूल प्रशमन, मूत्रजनन, वाजीकरण होती है । गर्म होने के कारण इसका असर गर्भाशय पर पडता है । रुकी हुई महावारी शुरु हो जाती है ।

बीज पपीता (Carica Papaya) : इसमे विटामिन 'ए' 'बी एव 'सी' पाया जाता है । यह रूक्ष,तीक्ष्ण एव उष्ण प्रकृति का होता है । इसका मुख्य कार्य शोथहर, आर्तवजनन, स्वेदजनन, रक्तशोधक, मासिक धर्म रूक जाने पर उसे पुन शुरु करने मे उपयोगी है ।

उपयोग :

स्त्रियो के मासिक धर्म रुक जाने पर कमर और पेडु मे दर्द होना, हाथ, पैर के तलुओं तथा आखो मे जलन होना, रुके हुए मासिक धर्म (M C) को जारी करना एव मासिक धर्म की खराबी से उत्पन्न हुए उपद्रव को दूर करता है ।

सेवन विधि :

एक से दो कैप्सूल सुबह, दोपहर एव साय को गम जल या गर्म दूध से अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार ।

नोट : इसका प्रयोग गर्भावस्था के दौरान नही करना चाहिए ।

पैकिग 6 कैप्सूल

त्रिमूर्ति **फिजियोटोन**

PHYSIOTONE

बच्चे बुड्ढे स्त्री–पुरुष सभी के लिए सुमधुर टॉनिक

घटक :

द्राक्षासव, अश्वगधारिष्ट, दशमूलारिष्ट, कुमार्यासव, लोहासव, चीनी।

गुण–धर्म :

द्राक्षासव–ग्रहणी, बवासीर, क्षय, दमा, खासी, काली खासी, गले के रोग, मस्तक रोग, नेत्र रोग, रक्त दोष, कुष्ठ, कृमि, पाडू, कामला, दुर्बलता, कमजोरी, आम ज्वर आदि मे लाभप्रद। पौष्टिक व बल–वीर्य वर्धक। अरुचि, आलस्य व थकावट और बैचेनी को दूर कर शारीरिक उत्–साह बढाता है। इसके सेवन से शात नीद आती है। मल-शुद्धि होती है और मन प्रफुल्लित रहता है।

रक्तार्श या षितार्श पर इसका सेवन हितकारक है। यदि उदार्वत (आमाशय से गैस का ऊपर आना) रोग प्रबल न हो गया हो तो इससे अधिक लाभ होता है।

नव-प्रसूता स्त्री को अपथ्य सेवन कराने पर या बार–बार गर्भपात होने वाली स्त्री को रक्त गुल्म हुआ, गर्भधारण के सदृश लक्षण प्रतीत हो तो द्राक्षासव विशेष गुणकारी है।

अश्वगधारिष्ट–यह दीपन, पाचक, वृष्य और वातनाशक है प्रमेह, स्वरभगता, नामर्दी, उन्माद, शोष, बवासीर, मूर्च्छा, मस्तिष्क की दुर्बलता भ्रम, मृगी, वात-व्याधि, हृदय रोग मे लाभ करके शरीर मे स्फूर्ति, वीर्य की शुद्धि करता है। यह हिस्टीरिया, मूर्च्छा और उन्माद के लिए उतम है। यह अग्नि प्रदीपक होने से पाचन विकृति को दूर करता है। वात-वाहनियो और रस रक्त आदि धातुओ को सबल बनाता है प्रसूता की निर्बलता को दूर करने मे हितावह है।

दशमूलारिष्ट–धातु, क्षय, खासी, श्वास, बवासीर, उदर रोग, प्रमेह, अरुचि, पाडू सब प्रकार की वात-व्याधिया, शूल, श्वास, वमन, प्रदर,

कुष्ठ, भगन्दर, मूत्रकृच्छ, अम्ल पित, प्रमूत रोग, गर्भाशय की अशुद्धि अग्नि-माद्य, कामला आदि रोग नष्ट होते है।

दशमूलारिष्ट—प्रसूता स्त्रियो के लिए अमृत है। रक्तस्राव के कारण आयी हुई कमजोरी और निर्बलता इससे दूर होती है। इसके सेवन से बच्चे को दूध भी अधिक मिलता है। गर्भस्राव व गर्भपात की शिकायत को दूर करता है।

वातज श्वास—रोग मे इसका अच्छा उपयोग होता है। श्वास के साथ शुष्क कास होने पर वह भी शात होती है।

अस्थिक्षय मे विशेष लाभप्रद। कमर दर्द, अस्थि मे दर्द, चलने पर दर्द, मन्द मन्द ज्वर मे उपयोगी हैं।

कुमार्यासव-गुल्म परिणाम शूल, यकृत, प्लीहा, नलाश्रित बाय मेदो वायु, जुकाम, श्वास, दमा खासी, अग्निमाद्य, कफ और मन्द ज्वर, पाडू, कमजोरी, प्रमेह, अपस्मार, स्मृद्धिनाश, मूत्रकृच्छ, अश्मरी, कृमि रोग, रक्त-पित, मासिक धर्म का न होना या कम होना। शक्ति क्षय, गर्भाशय के दोष आर्तव की अशुद्धि, अम्ल—पित, सग्रहणी, वात-विकार को दूर करते है। पाचक, कोष्ठ का शोधन करने वाला, भूख बढाने वाला और पौष्टिक है।

ऐसे बच्चे जो अन्न खाते है उनके लिए यह दवा बहुत लाभदायक है। पेट का खराब रहना, तिल्ली का बढना, अपच दस्त आदि बच्चो के रोगो मे लाभप्रद है। पेट के विकार मे इसका सेवन बच्चो और बुड्ढो तक के लिए किया जाता है।

स्त्रियो के दर्द मेदोवृद्धि, रजोदर्शन के पेट मे दर्द रहना, दमा, खासी अम्ल-पित, पेट मे वायु गोला, प्रतिश्याय, दुर्बलता, शक्तिहीन होना आदि के कारण गर्भधारण न होना।

यह यकृत को बल देने वाला है। अतएव यकृत वृद्धि होने पर जब पित का स्राव अच्छी तरह होने मे बाधा आती है तब इसके उपयोग से लाभ होता है। पुराने प्लीहा रोग मे इससे जल्द आराम होता है।

लोहासव—पाडू, गुल्म, सूजन, अरुचि, सग्रहणी, जीर्णज्वर, अग्नि—माद्य, दमा, कास, क्षय, उदर-अर्श, कुष्ठ, कण्डू, तिल्ली, छद्रोह और यकृत,

प्लीहा की विकृति को नष्ट करता है। जब रक्त-कणों की कमी के कारण पीला हो जाता है तब मन्दाग्नि, बद्धकोष्ठता, कमजोरी, किसी काम मे मन न लगना अनुत्साहित बना रहना आदि उपद्रव हो जाते है। इसमे लोहासव विशेष है।

उपयोग :

यह आरोग्यप्रद एव रोगहर औषधि के रुप मे सुमधुर टॉनिक है। बीमारी मे से जल्दी आरोग्य लाभ करने मे एव धीरे-धीरे रोग मुक्त होने के समय उपकारी है।

'फिजियोटोन' भारी एव अधिक भोजन कर लेने के बाद उत्पन्न कठिनाईयो, बेचैनी, पेट का फुलना आदि से छुटकारा दिलाता है यह जठराग्नि की अनियमिलताओ को ठीक करता है। पाचन क्रिया बढाता हैं। कब्ज से छुटकारा दिलाता है।

'फिजियोटोन' चितभ्रम, अनिद्रा, याददाश्त की कमी, सिर-दर्द को दूर करता है। बल, विक्रम, काति और बुद्धि की वृद्धि करता है।

'फिजियोटोन' नाडी मण्डल को पुन चेतनत्व प्रदान कर पाचन क्रिया को प्रबल बनाता है जीवन शक्ति व खाने की रुचि को बढाता है। यह लैगिक समागम मे वीर्य स्तम्भक शक्ति को बढाने मे सहायक है। लैगिक अक्षमता, लैगिक नाडी दौर्बल्य, शुक्रमेह, मानसिक जातीय बाधाओ एव अन्य काम जन्य व्यतिकर्मो तदुपरात अन्य किसी भी चिकित्सा के साथ दिया जाना लाभप्रद है। स्त्रियो के ठण्डेपन मे उपयोगी है।

'फिजियोटोन' स्मृति शक्ति को बनाये रखने मे सहायक है। तनाव से मुक्ति दिलाता है। एव प्राकृतिक ढग से शातिपूर्ण निद्रा लाने मे सहायक है।

क्षय-रोग मे 'फिजियोटोन' एक वरदान है। यह शरीर की रचना को उत्तेजित करता है। शरीर मे नये रक्त का सचार करता है। लौह की अपर्याप्त एव रक्तहीनता, यकृत की निष्क्रियता, यकृत-शोथ, थकान त्वचा के आवरण एव आख के पर्दो की कातिहीनता आदि मे उपकारी है यह मस्तिष्क को तरोताजा रखता है।

हृदय रोग मे भी इसका सेवन बहुपयोगी है । अन्य चिकित्सा के साथ लिया जा सकता है ।

स्त्री-रोगो की तकलीफो मे एवं प्रसूति के पश्चात स्थूलता व स्नायुओ की शिथिलता को रोकने मे यह स्त्रियो के लिए वरदान तुल्य है ।

फिजियोटोन' हर मौसम व हर आयु वर्ग के लिए स्त्री-पुरुष, बाल-युवा-वृद्ध सभी के लिए एक अमृततुल्य सुमधुर टानिक है ।

सेवन विधि :

बडो को 15 से 30 मि. लि. तक दिन मे 2 बार भोजनोपरांत सम-भाग जल के साथ एव बच्चो को 4 से 10 मि. लि. तक दिन मे 2 बार अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार ।

पैकिंग . 225 एवं 360 मि. लि की आकर्षक बॉटल पेक्स मे ।

●●

त्रिमूर्ति पाचनामृत

PACHNAMRIT

उदर रोगों के लिए स्वादिष्ट पेय

घटक :

अदरक स्वरस, नीम्बू स्वरस, घृतकवार स्वरस, काला नमक, साम्भर नमक, सैंधा नमक, नौसादर, हींग ।

गुण धर्म :

अदरक (Ginger) यह अफारा, खट्टी डकारे आना, पेट का दर्द, जी मचलाना, कफ एव खासी मे उपयोगी होती है ।

नीम्बू (Citrus Aurantifolia) : इसमे साइट्रिक एसिड, फास्फो–

रिक एसिड, मेलिक एसिड एव शर्करा का सगठन होने के कारण पितशामक तृष्णा, निग्रहण, दीपन, पाचन, रक्त-शोधक, मूत्रल होता है। इसमे प्रचुर मात्रा मे विटामिन 'सी' पाया जाता है। उदर-शूल, अफारा, उल्टी होने की इच्छा होने आदि मे लाभप्रद ।

घी कवार (Aloe Barbadensis) : इसमे एलोइम पाया जाता है। जो ग्लूकोसाइडस का मिश्रण होता है। जिसके कारण यह दीपन, पाचन यकृदुतेजक, विरेचन, रक्तशोधक एव मूत्रल है।

काला नमक, साम्भर नमक, सैंधा नमक : ये पाचक, पित एवं कफ प्रति-कारक है। भूख को बढाते है। अपान वायु को बाहर निकालते हैं। जी मिचलाना, उबाक आदि मे लाभप्रद है।

हीग (Ferulla Assafoetida) : यह पेट दर्द, अफारा, जी मिच-लाना, कब्जिनाशक, कृमि व गुलमनाशक एवं पाचक है।

उपयोग :

यह उदर रोगो के लिए अमृततुल्य है। स्वादिष्ट एवं पाचक है। प्लीहा, यकृत-दोष, पाडु, मन्दाग्नि, कब्ज, अफारा, अपचन, अग्निमाद्य उदर पीडा, अरुचि आदि मे लाभप्रद है।

सेवन विधि :

10 से 15 मि. लि. तक भोजनोपरांत बराबर का जल मिलाकर अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार।

पैकिग : 200 मि. लि. पेक्स मे।

●●

त्रिमूर्ति लीवटोन (सीरप एवं ड्राप्स)

LIV–TONE (Syrup & Drops)

लीवर सम्बन्धी रोगों के लिए

घटक :

गिलोय, कासनी, सोठ, भृंगराज, पित पापड़ा, काली तुलसी, निसोत बायबिडंग, पुनर्नवा, बंसलोचन, गुलाब पुष्प, पीपल, रोहितक एव शक्कर।

गुण–धर्म :

गिलोय (Tinospora Cordifolia) : यह त्रिदोषनाशक, तिक्त–बल्य, ज्वरघ्न, रक्तशोधक तथा कुष्ठ एवं वात रक्त शामक है।

कासनी (Cichorium Intybus) : यह कफ पितशामक, दाहप्रशमन, दीपन, शोथहर, यकृदुत्तेजक, तृष्णानिग्रहण, पितसारक, रक्तशोधक, मूत्रल, दाहप्रशमन है।

सोठ (Zingiber Officinale) : यह आम वातनाशक, उदर-रोग उदर शूल, कफ को दूर करती है।

भृंगराज (Eclipta Alba) : यह वात कफनाशक, सूजन को कम करने वाला, यकृदुत्तेजक शूल-प्रशमन आम पाचन, दीपन, पाचन, पित–विरेचक एव रक्त शोधक है।

पित पापड़ा (Fumaria Officinalis) : यह समस्त यकृत विकृतियों मे उपयोगी है। पितशामक, तृष्णाशामक, दीपन, ग्राही, यकृदुत्तेजक, रक्तशोधक एव दाहशामक है।

तुलसी (Ocimum Sanctum) : यह कफ-वातशामक है। शरीर पर आई शोथ को दूर करती है। यह दीपन, पाचन है। इससे रक्त शुद्ध होता है। कीडो को मारती है। कफ को बाहर निकालने मे सहायक है।

निशोथ (Operculina Turpethum : यह पित-कफशामक, शोथहर एव रेचक होता है।

बायबिडग (Embelia Ribes) : इसमे एम्बेलिन $C_{18} H_{28} O_4$ पाया जाता है। यह दीपन, पाचम, उदर कृमिनाशक, रक्तशोधक, मूत्रल, रसायन एव कुष्ठनाशक है।

पुनर्नवा (Boerhaavsa Diffule) · इसमे $C_{32} N_{46} O_6 N_2$ पाया जाता है। पोटासियम नाइट्रेट सल्फेटस एव क्लोराइड्स का इसमे सगठन होता है। यह त्रिदोषहर, शोथहर, दीपन, अनुलोमन, रेचन, रक्त-वर्द्धक, कास हर, मुत्र जनन होता है।

बंसलोचन (Bambusa Arvndinace) : यह वात पितशामक, कफ को निकालने वाला मूत्रल, श्वास कास मे उपयोगी होता है।

गुलाब (Rosa Alba) यह शरीर की सूजन कम करके उत्तमागो को बल प्रदान करता है एव पित की तीक्ष्णता को शांत करता है। दाह-शमन, ज्वरघ्न एव कब्जनाशक है।

पीपल [Pipper Long] यह रक्तवर्धक है। पाचन, अग्निवर्धक और प्लीहा वृद्धि को रोकती है। यह श्वास-कास मे भी उपयोगी है।

अतीस (Aconitum Heterophyllum) यह दीपन, पाचन, ज्वरातिसार नाशक, कृमिघ्न, छर्दि, कासनाशक होता है।

रोहितक (Tecomella Undulata) : यह रेचक, दीपन, प्लीहा, यकृत वृद्धिनाशक, रक्तशोधक, रक्त की कमी को दूर करने वाला होता है,

उपयोग :

यकृत शरीर के प्रधान अगो मे से एक प्रमुख अंग है। यह पित-रस का स्राव करता है और इसलिए यह पाचन-क्रिया एव भोजन को पचाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब यकृत मे कोई खराबी आ जाती है तो उसमे दर्द होने लगता है। मल कीचड के रग जैसा आने लगता है आख एव शरीर का रग पीला हो जाता है। स्वाद कषैला, भोजन की अरुचि, जी मिचलाना, उल्टी होने की इच्छा होना आदि उग्ररुप हो जाते है। अगर आरम्भिक अवस्था मे ध्यान न दिया जाय तो कामला, रक्तहीनता तथा इनके साथ-साथ जलोदरगत सूजन दिखाई पडती है। अर्थात यकृत का बढना, यकृत की कार्य शिथिलता यकृदात्युदर, पाडु, कामला, कमजोरी, पेट का फुलना, खून की कमी पतले दस्तो मे लिवटोन उपयोगी होता है।

बडो के लिए 2 से 4 चम्मच बच्चो के लिए आधा से 1 चम्मच

सेवन विधि :

शिशुओ के लिए 5 से 10 बून्द दिन मे 3-4 बार पानी, दूध या फलो के रस के साथ अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार।

पैकिग सराप 50 एव 100 मि. लि पैक्स मे।

ड्राप्स 25 मि. लि पैक्स मे।

त्रिमूर्ति शांतिवर्धक चूर्ण

SHANITVARDHAK CHURAN

पेट के रोगों में उपयोगी

घटक :

पीपल, सोंठ, काली मिर्च, बडी इलायची बीज, लौंग, सैंधा लवण, स्वर्ण गेरु, काला नमक, नौसादर, नीम्बूसत्व ।

गुण–धर्म :

पीपल [Pipper Long] : यह पाचन, अग्निवर्धक श्वास-कास मे उपयोगी है ।

सौंठ (Zingiber Officinale) यह वातनाशक, वीर्यवर्धक, कफ अफारा, पेट का दर्द एव कफ खासी को दूर करती है ।

काली मिर्च (Piper Nigrum) · यह कफ-वातनाशक, दीपन, पाचन, अग्निमाद्य, अजीर्ण, श्वास-कास मे उपयोगी है । पेट के दर्द मे लाभप्रद भी है ।

बडी इलायची (Amomum Suieulatum) : जी मचलाना, उल्टी, श्वास–कास मे उपयोगी, रोचक है ।

लौंग (Caryphyllum) : इसमे यूजिनोल होता है इसके अतिरिक्त टैनिक एसिड व राल होता है । लौंग मे 'केरियोफाइलिन नामक फाइटोस्ट रोल' तथा तन्तुमय अ श पाये जाते है जिसके कारण यह कफ-पितशामक, दीपन, पाचन, रुचिवर्धक, दर्द को कम करने मे सहायक होती है ।

सेंधा नमक, काला नमक · यह शामक, पाचक एव भूख बढाने मे सहायक होता है । जी मिचलाना, हिचकी, उबाक आदि मे उपयोगी है ।

स्वर्ण गेरु (Red Iron Oxide) यह गर्मी को कम करने वाला, हिचकी वमन मे लाभप्रद है ।

नौसादर (Ammonium Chloride` : यह त्रिदोष प्रकोपहर है । खाने को शीघ्र पचाने वाला, अफारा वमन उपयोगी है ।

नीम्बू (Citric Acid) · यह दीपन, पाचन, पितशामक, है। विटामिन 'सा' प्रचूर मात्रा मे होने से खून बनने मे सहायक है। अफरा दूर करता है।

उपयोग :

अजीर्ण, अफारा, हिचकी, वमन, अरुचि, दाह, शूल, हैजा और कृमि आदि रोगो को नष्ट करता है।

सेवन विधि :

2 से 5 ग्राम तक जल के साथ दिन 3–4 बार या वैसे ही चाटना चाहिए अथवा चिकित्सक की सलाहनुसार।

पैकिग : 50 एव 100 ग्राम पेक्स मे।

त्रिमूर्ति सर्वगुण तेल

SARWAGUN OIL

केवल बाहरी प्रयोग के लिए

घटक :

त्रिफला, नीम स्वरस, सम्भालू स्वरस, मोम, गन्धा बिरोजा, शिलारस, राल, गुग्गुलु, कपूर, तारपीन तेल, इलायचो तेल, नीलगिरी तेल, तेल।

गुण धर्म :

त्रिफला : यह आवला, हरड एव वहेडा का सम्मिश्रिण है। यह सूजन को कम करने सभी प्रकार के चर्म रोग और रक्त विकार के लिए उपयोगी है।

नीम (Aza-irahta Indica) इसमे ओलीक एसिड, लिनोलीक, एसिड, पामिटिक एसिड, स्टियरिक एसिड पाया जाता है। जिसके कारण यह धाव को भरने, दर्द कम करने, जलन कम आदि मे क्षाभप्रद, कीटाण नाशक दूर करने मे सहायक है।

सम्भालु : यह घाव को भरने वाला, दर्दहर, मोच से पडने वाले दर्द को दूर करने मे सहायक है।

मोम (Wax) : यह घाव को भरने, दर्द को कम करने में उपयोगी है।

गन्धा बिरोजा (Pinus Longifolia) : यह रक्तरोधक, व्रणशोधन, सूजन को कम करने मे सहायक है।

शिलारस (iquid Storax) : यह व्रणरोपन, दर्द को कम करने वाला घाव भरने मे उपयुक्त है।

राल (Resina) हाथ–पैर का फटना, बिवाई मे यह उपयोगी है। घाव को जल्द भरती है।

गुग्गुलु (Bdellion) : यह शोथहर, व्रणशोधन, रक्त को रोकने मे सहायक है।

कपूर यह दाह–हर एव दर्दशामक है। यह त्वचा की पर से स्वेद को उडा देता है।

तारपीन का तेल . यह दर्द को सोखने वाला, व सडे हुए घाव को भरता है। वात–शूल, सिर दर्द मे भी उपयोगी है।

इलायची तेल · यह घावनाशक है। घाव भरने एव शुद्ध करने वाले तत्वो से युक्त है। ग्रन्थियो की सूजन मे उपयोगी है।

नीलगिरी तेल : यह दर्द आदि मे उपयोगी है सूजन को कम करता है। घाव को जल्द भरता है।

उपयोग ·

